दिन– मंगलवार दिनांक– 04 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दो हजार पच्चीस छब्बीस का तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रूपये का बजट पेश किया। बजट में किसान, महिला और युवाओं के लिए विशेष प्रावधान।

02. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार दो हजार दो सौ बीस डॉल्फिन के साथ बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर।

03. महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती आज। पैतृक गांव अररिया के औराई हिंगना समेत प्रदेशभर में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से।

————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस का बजट पेश किया। वित्तमंत्री ने कहा कि बजट का आकार लगभग तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग अड़तीस हजार करोड़ रुपये अधिक है। बजट में बावन नई घोषणाएं की गई हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि अब राज्य के किसानों से अरहर, मूंग और उड़द की दाल न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी जायेगी।

———बाइट———

बजट में इक्कीस कृषि बाजार उत्पादन समिति के लिए एक हजार दो सौ नवासी करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी करने के लिए बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति दो हजार पच्चीस लाई जायेगी। समस्तीपुर के पूसा में गुड़ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी। बजट में महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि रोड, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में महिलाओं को नौकरी में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। महिलाओं को ई–रिक्शा और दोपहिया वाहन खरीदने के लिए अनुदान मिलेगा। इसके अलावा बड़े शहरों में पिंक बस सेवा की शुरूआत की जायेगी, जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर कर सकेंगी। इन बसों का संचालन भी महिलाओं द्वारा होगा। प्रमुख शहरों में

महिलाओं के लिए ड्राइविंग सेंटर खुलेंगे, जिसमें ट्रेनर भी महिलाएं होंगी। वित्तमंत्री ने पंचायत स्तर पर गरीब कन्या विवाह मंडप बनाये जाने की भी घोषणा की।

———बाइट———

वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य में निजी मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ ही पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, पीपीपी मोड में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे। शहरी क्षेत्र में नगर चिकित्सा सुविधा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोले जाने की घोषणा की। वित्तमंत्री ने कहा कि जिन तीन सौ अट्ठावन प्रखंडों में अब तक अंगीभूत राजकीय डिग्री महाविद्यालय नहीं हैं, वहां सरकारी या निजी स्तर पर महाविद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा तथा अति पिछड़ा वर्ग को दी जाने वाली प्री मैट्रिक छात्रवृति की राशि दोगुना करने की घोषणा की।

वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि राजगीर, सुल्तानगंज और रक्सौल हवाई अड्डे को विकसित किया जायेगा। साथ ही भागलपुर, वाल्मिकीनगर, वीरपुर, मधुबनी, मुंगेर, सहरसा और मुजफ्फरपुर हवाई अड्डे को उड़ान योजना के तहत विकसित किया जायेगा। उन्होंने पूर्णियां एयरपोर्ट से अगले तीन महीने में हवाई यातायात शुरू किए जाने की घोषणा की।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे संपूर्ण, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बताया। श्री कुमार ने कहा कि इसमें किसानों उद्यमियों, युवाओं और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है।

———————————————————————————

उद्योग जगत ने राज्य के बजट का स्वागत किया है। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बीआईए के कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बजट को उद्योग जगत के लिए लाभकारी बताया है।

———बाईट———

आम लोगों ने भी बजट की घोषणाओं की सराहना की है। खासकर महिलाओं ने इस बजट में उनके लिये किये गये विशेष प्रावधानों का स्वागत किया है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————

राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। उन्होंने बजट में विपक्ष की मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाया। इधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बजट को उम्मीद के प्रतिकूल बताया। वामपंथी दलों ने भी बजट की आलोचना की है।

———————————————————————————

विधानमंडल में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की जायेगी। आज ही राज्य सरकार इस चर्चा का जवाब देगी। विधानमंडल में कल बजट पर चर्चा होगी। छह मार्च को सरकार बजट पर चर्चा का जवाब देगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पहली बार नदी में डॉल्फिन की संख्या का आकलन करने की रिपोर्ट जारी की है। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक में जारी इस रिपोर्ट में देश में कुल छह हजार तीन सौ सत्ताईस डॉल्फ़िन होने का अनुमान लगाया गया। इस अग्रणी प्रयास में बिहार समेत आठ राज्यों की अट्ठाईस नदियों का सर्वेक्षण किया गया है। इसके अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक दो हजार तीन सौ संतानवे और बिहार में दो हजार दो सौ बीस डॉल्फिन पाई गयी हैं।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज से नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा पहला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल के फिर से पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जायेगी। भाजपा राज्य परिषद की पटना में आज होने वाली बैठक में यह घोषणा की जायेगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी दीपक प्रकाश भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————

महान आंचलिक कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु कि आज जयंती है। एक सौ चार साल पहले उनका जन्म कोसी क्षेत्र के अररिया ज़िले के औराई हिंगना गाँव में हुआ था। साहित्यिक सृजन में उन्होंने एक गाँव और अंचल को मुख्य केंद्रीय पात्र बनाकर

जो खाका पेश किया वह साहित्य की नई विधा के रूप में उभरा जिसे हम आंचलिक साहित्य कहते हैं। एक रिपोर्ट–

———डिस्पैच———

मैला आंचल, परती परिकथा, आदिम रात्रि की महक और न जाने कितनी रचनाएँ फणीश्वरनाथ रेणु ने बाढ़ की विभीषिका वाले क्षेत्र को समर्पित की। वे इस धरती को अपना प्रेरणा का स्रोत बनाने में हमेशा आगे रहते थे।

———आडियो रेणु———

रेणु की रचनाओं ने साहित्य प्रेमियों को तो आकर्षित किया ही। साथ ही भारतीय सिनेमा के शो मैन के नाम से मशहूर राज कपूर जैसे महान निर्माता, निर्देशक और अभिनेता को भी अपनी ओर खींचा। रेणु की रचना लाल पान की बेगम को राज कपूर साहब ने सिल्वर स्क्रीन पर उतारा।

———कट –पान खाया सैयां हमार....

फणीश्वरनाथ रेणु के पुत्र दक्षिणेश्वर प्रसाद राय कहते हैं कि इस सिनेमा का जादू अब भी बरकरार है।

———बाइट–दक्षिणेश्वर प्रसाद राय———

कट चलते मुसाफ़िर.....

कोसी की उर्वरा धरती से निकले मार्टी के इस लाल ने पलायन का दर्द, कोसी क्षेत्र की समस्या, सामाजिक तानाबाना जिस रूप में पेश किया वह उनकी लेखनी का जादू था जिसने सब को कायल किया धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———कट– लाली डोलिया से लाली रे दुल्हनिया.....

———————————————————————————

इधर, फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कला, संस्कृति और युवा विभाग, बिहार संगीत नाटक अकादमी और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से पटना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

———————————————————————————

दुबई में आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल कल लाहौर में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से होगा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानमंडल में पेश किये गये बजट और आईसीसी क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और ऑस्टेलिया के बीच सेमीफाईनल मैच की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दो हजार पच्चीस छब्बीस का तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रूपये का बजट पेश किया। बजट में किसान, महिला और युवाओं के लिए विशेष प्रावधान।

02. राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार दो हजार दो सौ बीस डॉल्फिन के साथ बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर।

03. महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती आज। पैतृक गांव अररिया के औराई हिंगना समेत प्रदेशभर में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।